Sixteenth Loksabha

an>

Title: Need to construct buildings for health centres in Sheohar Parliamentary Constituency, Bihar.

श्रीमती रमा देवी (शिवहर) : मेरे संसदीय क्षेत्र शिवहर में लोगों को स्वास्थ्य सबंधी सुविधाएँ समुचित रूप से नहीं मिल रही है, जिसके कारण मेरे संसदीय क्षेत्र में शिशु मृत्यु दर अन्य जिलों से बहुत ही ज्यादा है। मेरे संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत शिवहर जिले के सांसद आदर्श ग्राम धनकौल प्रखंड पिपराही में स्वास्थ्य केंद्र बहुत ही जर्जर हालत होने के कारण भवन में चिकित्सा संबंध कार्य न हो कर पेड़ के नीचे डाक्टर बैठते हैं और मरीजों को देखते हैं। इसी संसदीय क्षेत्र के दूसरे जिले, पूर्वी चम्पारण जिले के मधुबन प्रखंड के पंचायत वाजिदपुर के गांव बहुआरा में एक उपकेंद्र स्वीकृत हो चुका है, यह क्षेत्र भी सांसद आदर्श ग्राम है। यह उपकेंद्र किराये के भवन में चल रहा है, जहां पर आवश्यक चिकित्सा सुविधाएँ नहीं हैं। यहां पर एक भवन निर्माण करने की प्रक्रिया शुरू की जाये। इसी संसदीय क्षेत्र के सीतामढ़ी में सिरौली द्वितीय पंचायत अंतर्गत ग्राम रामनगरा में स्थित स्वास्थ्य उप केंद्रों की दशा बहुत ही जर्जर एवं दयनीय है, जिसके कारण बीमार लोगों को इलाज कराने में काफी दिक्कत हो रही है। बरसात एवं ठंडी में बीमार होते हुए इस उप स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सा करवाने नहीं आते।

मेरे संसदीय क्षेत्र शिवहर के उपरोक्त उल्लिखित उप स्वास्थ्य केंद्रों के लिए भवन निर्माण जल्द करवाया जाये, जिससे इन क्षेत्रों में रहने वाले अत्यंत गरीब लोगों को चिकित्सा सुविधा आसानी से उपलब्ध करवाई जा सके।